<u>महत्वपूर्ण/तत्काल</u>

<u>संख्या-104/1059/84-डे0ई0-13-नि0-28/2011</u>

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
खाद्य प्रकोष्ठ,
इन्दिरा भवन, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 24 दिसम्बर, 2013

विषय:- श्री वी0पी0 सिंह, तत्कालीन अधिशासी निदेशक, एवं श्री रजनीकान्त वर्मा तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्ध लगाये गये भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की जॉच कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-937/खा0प्र0ई0-81/2013, दिनांक 09 दिसम्बर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रकरण की जॉच कराये जाने हेतु शासन के पत्र संख्या-83/1019/84-डे0ई0-13-नि0-28/11, दिनांक 02 दिसम्बर, 2013 द्वारा पुलिस अधीक्षक, खाद्य प्रकोष्ठ, इन्दिरा भवन, लखनऊ को निर्देश दिये गये थे, जिसमें आप द्वारा यह अवगत कराया गया है कि प्रकरण की जॉच श्री विजय आनन्द शाही, पुलिस निरीक्षक, खाद्य प्रकोष्ठ (मुख्यालय) लखनऊ से करायी जा रही है। अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया शिकायती -पत्रों में उल्लिखित बिन्दुओं/आरोपों की जॉच निष्पक्षता के साथ पूर्ण कराकर जॉच आख्या अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/